# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

# मासिक प्रतिवेदन

## दिसंबर, 2022

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

**(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)**

| | विषय सूची | पेज नं. |
|---|---|---|
| (A) | जनजागरूकता के लिए राजधानी में भूकंप सुरक्षा रैली का आयोजन | 03 |
| (B) | बहु–आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सामुदायिक स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण | 06 |
| (C) | एनसीसी के शिविरों में आपदाओं के बारे में जागरूकता/संवेदीकरण एवं मॉकड्रिल | 07 |
| (D) | सोनपुर मेला में प्राधिकरण के पैवेलियन के हितधारकों का सम्मान समारोह | 09 |
| (E) | मंदार महोत्सव की तैयारी बैठक | 10 |
| (F) | शहरी स्थानीय निकायों का ''आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन'' विषय पर राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम | 11 |
| (G) | लखनऊ में आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के क्षेत्रीय सम्मेलन में भागीदारी | 14 |
| (H) | अस्पताल अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम | 15 |
| (I) | जागरुकता कार्यक्रम के तहत मास मैसेजिंग | 16 |
| (J) | व्यय विवरणी | 17 |

## (A) जनजागरूकता के लिए राजधानी में भूकंप सुरक्षा रैली का आयोजन




बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बैनर तले 23 दिसंबर को राजधानी में भूकंप सुरक्षा रैली निकाली गई। पाटलिपुत्र गोलंबर के पास स्थित मैदान से पूर्वाह्न 10 बजे रैली को प्राधिकरण के माननीय सदस्य श्री पीएन राय, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, प्राधिकरण के सचिव श्री मीनेंद्र कुमार, एनसीसी उड़ान के ब्रिगेडियर प्रदीप, पटना के पुलिस अधीक्षक (यातायात) अनिल कुमार, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन ) संतोष कुमार झा और शिक्षाविद् डॉ अतुल आदित्य पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली दो अलग–अलग मार्गों पर विभिन्न रास्तों और मोहल्लों से गुजरती हुई भूकंप सुरक्षा जागरूकता का संदेश लिए आगे बढ़ी। रैली का समापन एएन कॉलेज परिसर (वाया विवेकानंद मार्ग) और एजी कॉलोनी (वाया राजीव नगर) स्थित पार्क में हुआ। रास्ते में भूकंप सुरक्षा से जुड़े नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को जागरूक किया गया। रैली में इस बात पर जोर दिया गया कि **'आपदा नहीं हो भारी, यदि पूरी हो तैयारी।'**




रैली में प्राधिकरण से जुड़े प्रोफेशनल्स व कर्मियों के साथ–साथ एनसीसी कैडेट्स, न्यू राजकीय पॉलिटेक्निक, पाटलिपुत्र, मिलर उच्च उच्च विद्यालय, श्री चंद्रा उच्च विद्यालय, कुर्जी, आईटीआई, दीघा, नेहरू युवा केंद्र, भारत स्काउट एंड गाइड्स, एनएसएस, रुबन हॉस्पिटल, प्रशिक्षित अभियंता, एसडीआरएफ, बिहार गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएं से जुड़े छात्र, जवान व प्रतिनिधि शामिल हुए।




भूकंप से होनेवाले नुकसान और इसके जोखिम को कम करने के लिए राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में प्राधिकरण भूकंपरोधी भवनों के निर्माण एवं सुरक्षा हेतु आम लोगों को जागरूक करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में यह रैली निकाली गई। प्राधिकरण की ओर से राज्य के सभी जिलों में प्रखंड स्तर पर अब तक कुल 19782 अनुभवी राजमिस्त्रियों एवं 2676 अभियंताओं को भूकंपरोधी मकान बनाने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। भूकंपीय गतिविधियों के सतत अध्ययन एवं डाटा संग्रह–विश्लेषण हेतु बिहार भूकंपीय दूरमापी तंत्र की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।




गौरतलब है कि राज्य के सभी जिले भूकंप के किसी न किसी खतरनाक जोन में आते हैं। नेपाल की सीमा से सटे आठ जिले भूकंप के सर्वाधिक खतरनाक जोन–5 में आते हैं, वहीं राजधानी पटना सहित 24 जिले भूकंपीय जोन–4 एवं शेष छह जिले भूकंपीय जोन–3 के अंतर्गत आते हैं।

- इसके अलावा प्राधिकरण स्तर पर भूकंप जैसी आपदा में जान–माल की सुरक्षा हेतु जनजागरूकता का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 15 – 21 जनवरी के बीच भूकंप सुरक्षा सप्ताह के आयोजन की तैयारियां जोरों पर है। इकसे संबंधित आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं।

- एनआईटी, रायपुर के द्वारा शेक टेबल का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। प्रो. गोवर्धन भट्ट से लगातार समन्वय किया जा रहा है। इस बाबत प्राधिकरण के वरीय शोध पदाधिकारी श्री आलोक रंजन ने एनआईटी, रायपुर जाकर शेक टेबल के निर्माण कार्य की जानकारी ली है। प्रो. भट्ट ने बताया कि जनवरी माह के अंत तक टेबल प्राधिकरण को हस्तगत कर दिया जाएगा। इससे संबंधित प्रतिवेदन माननीय उपाध्यक्ष को समर्पित किया गया है

- आईआईटी, पटना द्वारा आरवीएस गाइडलाइन तैयार कर ली गई है। इस संबंध में उनके द्वारा 30 नवंबर को माननीय उपाध्यक्ष एवं माननीय सदस्य के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया था जिसके आलोक में आईआईटी अब प्राप्त सुझावों को शामिल कर रहा है। इस परियोजना के बाबत आगामी प्रस्तुतीकरण 6 जनवरी को प्रस्तावित है।

- राजकीय पॉलिटेक्निक दरभंगा में निर्माणाधीन भूकंप सुरक्षा क्लिनिक सह परामर्श केंद्र के निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। अन्य तकनीकी संस्थानों में निर्माणों के लिए जगह उपलब्ध कराने हेतु सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक को पत्र लिखा गया है।

- अनुभवी राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में एनएसडीसी से समन्वय का कार्य लगातार किया जा रहा है। एनएसडीसी द्वारा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ गठित किए जाने वाले एमओयू का प्रारूप जनवरी माह तक मिलने की संभावना है।

- बीएसटीएन के अंतर्गत फील्ड स्टेशन के भवनों की कार्य प्रगति के संबंध में भवन निर्माण निगम के साथ लगातार समन्वय बनाते हुए अग्रेतर कार्य किये जा रहे हैं। इस संबंध में आवश्यक यंत्रों एवं उपकरणों के क्रय से संबंधित आरएफपी (प्रस्ताव के लिए अनुरोध) तैयार कर लिया गया है जिसे निदेशानुसार विशेषज्ञों को गहन अध्ययन व विश्लेषण (वेट्टिंग) हेतु भेजने की कार्रवाई की गई है।

## (B) बहु–आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सामुदायिक स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण

हमारा बिहार राज्य बहु–आपदा प्रवण राज्य है। फलतः हमारे गांव, पंचायतों, प्रखण्ड एवं जिलों में विभिन्न तरह की आपदाएं आती रहती हैं। पंचायतों में कुछ नौजवान आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन हेतु जरूरी ज्ञान और हुनर सीख लें तो वे अपने गांव, पंचायत, प्रखंड एवं जिले को आपदाओं से सुरक्षित रख सकते हैं। इस उद्देश्य हेतु प्रशिक्षण के माध्यम से बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राज्य के नौजवानों/नवयुवतियों को प्रशिक्षित कर आपदाओ के प्रत्युत्तर हेतु तैयार कर रहा है ताकि आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करने में वे अपने समुदाय के मददगार हो सकें। जिसका उद्देश्य है अपने गांव, पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर विभिन्न आपदाओं की प्रवणता की जानकारी हासिल करना एवं उन आपदाओं के जोखिम–न्यूनीकरण तथा प्रबंधन में समुदाय की सहायता करने हेतु स्वयं को तैयार करना है। इसी क्रम में **दिसम्बर** माह में दिनांक 19–12–22 से 31–12–22 जिला पूर्वी चम्पारण एवं पूर्णिया के कुल 115 स्वयंसेवकों का दो बैचों में राज्य आपदा मोचन बल एवं नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, बिहटा, पटना में 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित किया गया है। **दिसम्बर** माह तक कुल 968 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।






## (C) एनसीसी के शिविरों में "सड़क सुरक्षा के उपायों, प्राथमिक उपचार एवं आपदाओं के बारे में जागरूकता/संवेदीकरण एवं मॉकड्रिल"

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बड़ी तादाद में एनसीसी कैडेट्स को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं को लेकर सतर्क, सचेत व प्रशिक्षित कर रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित शिविरों के दौरान इन्हें सड़क सुरक्षा के उपायों, प्राथमिक उपचार एवं अन्य जानकारियां प्रदान की जाती है। एनसीसी उड़ान एवं एसडीआरएफ के सहयोग से विभिन्न आपदाओं के बारे में जागरूकता/संवेदीकरण एवं मॉकड्रिल इन शिविरों में सम्पन्न कराया जाता है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता, डूबने की घटनाओं की रोकथाम व बचाव के उपाय, ठनका से बचाव के उपाय, बाढ़, भूकंप, अगलगी से बचाव हेतु हस्तपुस्तिकाओं / प्रचार –प्रसार सामग्रियों का वितरण, अस्पताल पूर्व चिकित्सा विषय पर प्रशिक्षण के साथ–साथ विभिन्न आपदाओं से बचाव हेतु मॉकड्रिल संपन्न कराया जाता है। दिसंबर माह–2022 में राज्य के कई जिलों में उपरोक्त शिविर आयोजित किए गए। इनमें कुल 3145 कैडेट्स को प्रशिक्षित किया गया।

| क्र0 सं0 | दिनांक | शिविर स्थल | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | 01.12.2022 | जी०एन०एस०यू०, जमुहार, सासाराम | 410 |
| 02 | 03.12.2022 | ओ०टी०सी०, बरौनी | 430 |
| 03 | 09.12.2022 | एन०सी०सी०, ग्रुप मुख्यालय, पटना | 350 |
| 04 | 11.12.2022 | प्लस 2 हाई स्कूल, चाकंद, गया | 305 |
| 05 | 12.12.2022 | ओ०टी०सी०, बरौनी | 340 |
| 06 | 17.12.2022 | एन०सी०सी०, ग्रुप मुख्यालय, पटना | 335 |
| 07 | 21.12.2022 | जी०बी० कॉलेज रामगढ, कैमूर | 360 |
| 08 | 24.12.2022 | विज्ञानंद केंद्रीय विद्यालय, चनौर, सिवान | 280 |
| 09 | 29.12.2022 | ओ०टी०सी०, बरौनी | 335 |
| **कुल** | | | **3145** |



**दिनांक : 12-12-22**

**स्थान : OTC BARAUNI बिहार**




**यूनिट : 09 BN NCC MUNGER, BIHAR**

**संख्या : 340**



**दिनांक : 21-12-22**

**स्थान : G.B.COLLEGE Ramgarh, Kaimur बिहार**




**यूनिट : 30 BIHAR BN NCC BUXAR**

**संख्या : 360**

## (D) सोनपुर मेला में प्राधिकरण के पैवेलियन के हितधारकों का सम्मान समारोह






हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला 2022 में प्राधिकरण के पैवेलियन एवं मेला क्षेत्र में विविध जन–जागरूकता गतिविधियों के सफल आयोजन/सम्पादन हेतु विभिन्न हितधारकों यथा एस0 डी0 आर0 एफ0, सिविल डिफेंस, बिहार अग्निशाम सेवाएं एवं गृह रक्षा वाहिनी, GPSVS, Gender Equity, युगांतर, उत्कर्ष एक पहल, Doctors for You, SEEDS, मुख्य मंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम (सुरक्षित शनिवार) से संबंद्ध मास्टर ट्रेनर्स, निर्माण कला मंच, सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच, आपसदारी कला मंच एवं दोस्ताना सफर नुक्कड़ नाटक टीमों आदि के लगभग 150 पदाधिकारियों/कर्मियों/प्रतिनिधियों को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभाकक्ष में दिनांक 30.12.2022 को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। साथ ही एस. डी. आर. एफ. की रसोइया टीम के सदस्यों, सफाई कर्मियों, जोकर टीम के सदस्यों, प्राधिकरण टीम के सदस्यों को कैश रिवार्ड भी प्रदान करके सम्मानित किया गया।

## (E) मंदार महोत्सव की तैयारी बैठक

बांका जिले में जनवरी माह 2023 में आयोजित होने वाले मंदार महोत्सव की तैयारी बैठक बौसी अंचल के वन निरीक्षण भवन में दिनांक 05 दिसंबर, 2022 को सम्पन्न हुई। इस बैठक में श्री जयंत राज, माननीय मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, जिला पदाधिकारी, बांका सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में प्राधिकरण की ओर से भगदड़ एवं डूबने की घटनाओं की आशंका के मद्देनजर जोखिम तथा खतरों का आकलन करने एवं तदनुसार तैयारी करने का सुझाव दिया गया। साथ ही प्राधिकरण स्तर से प्रशिक्षित सामुदायिक वालंटियर्स तथा सुरक्षित तैराकी कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर्स का सहयोग प्राप्त करने का अनुरोध किया गया।



## (F) शहरी स्थानीय निकायों का ''आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन'' विषय पर राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम







आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन विषय पर शहरी स्थानीय निकायों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के क्षमता विकास के उद्देश्य से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया ताकि शहरी निकायों के पदाधिकारी, प्रतिनिधि एवं नागरिक संवेदित हो सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम माह फरवरी, 2020 से आरंभ किया गया एवं माह नवम्बर, 2021 तक पांच बैच में कुल 89 पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। माह दिसम्बर, 2022 में आठ बैचों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल 143 पदाधिकारियों

को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर आयुक्त, उप–नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक एवं नगर अभियंताओं ने भाग लिया, जिसका विस्तृत प्रतिवेदन इस प्रकार हैः–

| क0 सं0 | प्रशिक्षण की अवधि | प्रतिभागी नगर निकाय | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 26–28 फरवरी 2020 | नगर निगम, दरभंगा | 19 |
| 2. | 4–6 मार्च 2020 | नगर परिषद, बेनीपुर एवं नगर पंचायत, जोगबानी | 25 |
| 3. | 7–9 सितम्बर, 2021 | नगर पंचायत बहादुरगंज एवं ठाकुरगंज | 23 |
| 4. | 26–28 अक्टूबर, 2021 | नगर परिषद, अररिया | 16 |
| 5. | 29 नवम्बर–01 दिसम्बर, 2021 | नगर पंचायत वीरपुर एवं निर्मली | 06 |
| 6. | 5-6 दिसम्बर 2022 | नगर निगम, कटिहार, गया, नगर परिषद्, फातुआ, जमुई, हवेली खड़गपुर, हिलसा, दलसिंहसराय, डेहरी डालमियानगर, किशनगंज, हाजीपुर, लखीसराय, हिसुआ, जहानाबाद एवं नगर पंचायत, खुसरूपुर, जयनगर | 20 |
| 7. | 8-9 दिसम्बर 2022 | नगर निगम, पटना, मधुबनी, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, नगर परिषद्, फुलवारीशरीफ, लालगंज, मधेपुरा, नौगछिया, मनेर, महुआ, नरकटियागंज, नवादा एवं नगर पंचायत, नौबतपुर, पकड़ीदयाल | 25 |
| 8. | 12-13 दिसम्बर 2022 | नगर निगम, पटना, सासाराम, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, नगर परिषद्, सुपौल, राजगीर, सम्पतचक, खगौल, शेखपुरा एवं नगर पंचायत, परसा बाजार | 15 |
| . | 15-16 दिसम्बर 2022 | नगर परिषद्, बगहा, बरौनी, डूमराँव, अररिया, बिहटा, ढ़ाका, बीहट, बनमनखी, बरौली, बरबीघा, औरंगाबाद, बाढ़, दानापुर, डेहरी–डालमियानगर, बलिय, बखरी, अरवल, बक्सर, चकिया, फारबिसगंज, भभुआ, दलसिंहसराय, बख्तिारपुर | 23 |
| 10. | 19-20 दिसम्बर 2022 | नगर परिषद्, हवेली खड़गपुर, जमालपुर, | 21 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | जोगबनी, बैरगनियाँ, महुआ, महनार, नवगछिया, काँटी, लखीसराय, पीरो, नरकटियागंज, मोतीपुर, मसौढ़ी, गोपालगंज, मीरगंज, फुलबारीशरीफ, हाजीपुर, मोकामा, खगड़िया, हिसुआ, राजगीर, गिरीयक एवं नगर पंचायत मानसी, अलौली | |
| 11. | 22-23 दिसम्बर 2022 | नगर परिषद्, रामनगर, लालगंज, सुपौल, त्रिवेणीगंज, सहरसा, शेरघाटी, शेखपुरा, साहेबगंज, टेकारी, सम्पतचक, नवादा, सुल्तानगंज, वारिसलीगंज, रक्सौल, रोसरा एवं नगर पंचायत, आन्दर, बहादुरगंज, पिपरा, अमरपुर, अस्थावाँ, अरेराज | 19 |
| 12. | 26-27 दिसम्बर 2022 | नगर परिषद्, बड़हिया, हिलसा एवं नगर पंचायत, बेलसंड, अमदाबाद, बिहिया, दिघवारा, चण्डी, वसंतपुर, बेनीपट्टी, वीरपुर, कुशेश्वर स्थान पूर्वी | 10 |
| 13. | 29-30 दिसम्बर 2022 | नगर निगम, दरभंगा एवं नगर पंचायत, जाले, जगदीशपुर, इसलामपुर, चनपटिया, गोपालपुर, हसनपुरा, एकमा बाजार, झंझारपुर, घोघरडीहा, कहलगाँव | 10 |
| | | **कुल** | **232** |

## (G) लखनऊ में आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के क्षेत्रीय सम्मेलन में भागीदारी




बीएसडीएमए की टीम ने 30 नवंबर से 1 दिसंबर, 2022 तक एनडीएमए द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने किया। इस कार्यक्रम में आपसी तालमेल और समन्वय के द्वारा विभिन्न राज्यों के आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। विभिन्न राज्यों के प्रस्तुतिकरण से उन राज्यों में किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी मिली जो काफी उपयोगी है। इस तरह के कार्यक्रमों में अन्य राज्यों में किए जा रहे अच्छे कार्यों के बारे में अहम् जानकारी मिलती है। इस कार्यक्रम में प्रश्नकाल के दौरान बीएसडीएमए के शिष्टमंडल ने उपाध्यक्ष महोदय की बातों का उल्लेख करते हुए प्राधिकरण द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी सम्मेलन में मौजूद लोगों को दी।

1. आईआईटी, पटना और एनआईटी, पटना के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम करने हेतु प्रोजेक्ट वर्क के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में एनआईटी, पटना को प्रोजेक्ट वर्क शुरू करने हेतु पत्र द्वारा 19/12/2022 सूचित कर दिया गया है। आईआईटी, पटना को प्रोजेक्ट प्रपोजल के फाइनेंसियल कॉम्पोनेन्ट में आवश्यक बदलाव के लिए पुनरावलोकन करने हेतु भेजा गया है।

2. मुंगेर शहर का सीडीएमपी बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। इस सन्दर्भ में मुंगेर नगर निगम से सीडीएमपी अनुमोदन के उपरांत 13/12/22 को प्राप्त किया गया। इस पर 22/12/22 को नॉलेज लिंक्स, गाजियाबाद ने मुंगेर नगर निगम के डिप्टी सीईओ के साथ बीएसडीएमए में प्रस्तुतीकरण दिया। आवश्यक परिवर्तन हेतु नॉलेज लिंक्स को निदेशित किया गया और सीडीएमपी को संशोधित कर पुनः उपस्थापित करने को कहा गया।

# (H) अस्पताल अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम

'अस्पताल अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम' के तहत '16 बिंदु अग्नि प्रवणता सूचकांक' के आधार पर दिसम्बर माह में राज्य के कुल 389 अस्पतालों का निरीक्षण किया गया जिसमें 11 सरकारी एवं 378 निजी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों का निरीक्षण प्राधिकरण के दिशा निर्देश में अग्निशाम सेवाएं के अधिकारियों द्वारा किया गया, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

**माह दिसम्बर 2022 में अस्पतालों/नर्सिंग होमस् के भवनों में फायर ऑडिट का ऑकड़ा।**

| क्र०सं० | जिला का नाम | कोविड अस्पताल | | | नन कोविड अस्पताल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सरकारी | निजी अस्पताल | कुल | सरकारी | निजी अस्पताल | कुल |
| 1 | पटना | 00 | 00 | 00 | 02 | 254 | 56 |
| 2 | नालंदा | 00 | 00 | 00 | 00 | 10 | 10 |
| 3 | रोहतास | 00 | 00 | 00 | 00 | 10 | 10 |
| 4 | भभुआ | 00 | 00 | 00 | 00 | 11 | 11 |
| 5 | भोजपुर | 00 | 00 | 00 | 00 | 04 | 04 |
| 6 | बक्सर | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 | 03 |
| 7 | गया | 00 | 00 | 00 | 00 | 19 | 19 |
| 8 | जहानाबाद | 00 | 00 | 00 | 00 | 05 | 05 |
| 9 | अरवल | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 10 | नवादा | 00 | 00 | 00 | 00 | 04 | 04 |
| 11 | औरंगाबाद | 00 | 00 | 00 | 01 | 04 | 05 |
| 12 | छपरा | 00 | 00 | 00 | 00 | 08 | 08 |
| 13 | सिवान | 01 | 00 | 01 | 00 | 05 | 05 |
| 14 | गोपालगंज | 00 | 00 | 00 | 00 | 04 | 04 |
| 15 | मुजफ्फरपुर | 00 | 00 | 00 | 00 | 23 | 23 |
| 16 | सीतामढ़ी | 00 | 00 | 00 | 00 | 15 | 15 |
| 17 | शिवहर | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 18 | बेतिया | 00 | 00 | 00 | 00 | 04 | 04 |
| 19 | बगहा | 00 | 00 | 00 | 00 | 06 | 06 |
| 20 | मोतिहारी | 00 | 00 | 00 | 00 | 22 | 22 |
| 21 | वैशाली | 00 | 00 | 00 | 00 | 13 | 13 |
| 22 | दरभंगा | 00 | 01 | 01 | 00 | 13 | 13 |
| 23 | मधुबनी | 00 | 00 | 00 | 00 | 22 | 22 |
| 24 | समस्तीपुर | 00 | 00 | 00 | 00 | 17 | 17 |
| 25 | सहरसा | 00 | 00 | 00 | 01 | 03 | 04 |
| 26 | सुपौल | 00 | 01 | 01 | 00 | 04 | 04 |
| 27 | मधेपुरा | 00 | 00 | 00 | 00 | 08 | 08 |
| 28 | पूर्णिया | 00 | 01 | 01 | 00 | 10 | 10 |
| 29 | अररिया | 00 | 00 | 00 | 01 | 06 | 07 |
| 30 | किशनगंज | 00 | 00 | 00 | 00 | 07 | 07 |
| 31 | कटिहार | 00 | 00 | 00 | 00 | 12 | 12 |
| 32 | भागलपुर | 00 | 00 | 00 | 00 | 09 | 09 |
| 33 | नवगछिया | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 | 02 |
| 34 | बाँका | 01 | 00 | 01 | 00 | 02 | 02 |
| 35 | मुंगेर | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 | 03 |
| 36 | लखीसराय | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 37 | शेखपुरा | 00 | 00 | 00 | 02 | 00 | 02 |
| 38 | जमुई | 00 | 00 | 00 | 01 | 07 | 08 |
| 39 | खगड़िया | 00 | 00 | 00 | 00 | 05 | 05 |
| 40 | बेगुसराय | 01 | 02 | 03 | 00 | 19 | 19 |
| कुल योग | | 3 | 5 | 8 | 8 | 373 | 381 |

इस प्रकार राज्य के अब तक कुल 7122 अस्पतालों का अग्नि प्रवणता सूचकांक के आधार पर निरीक्षण किया जा चुका है।

## (I) जागरुकता कार्यक्रम के तहत मास मैसेजिंग

बिहार एक बहुआपदा प्रवण राज्य है, जहां लगभग सभी तरह की प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाएं घटित होती हैं। यह राज्य जहां एक ओर लगभग हर वर्ष बाढ़ के प्रकोप को झेलता है, वहीं दूसरी ओर सुखाड़, अग्निकांड, शीतलहर, लू, वज्रपात आदि आपदाओं से राज्य का एक बड़ा भू–भाग प्रभावित होता है। भूकंप की दृष्टि से भी बिहार अत्यन्त संवेदनशील राज्य है। प्राकृतिक आपदाओं को हम पूरी तरह रोक तो नहीं सकते, परंतु बेहतर आपदा प्रबंधन एवं इसके सुदृढ़ीकरण से नुकसान को कम कर सकते हैं। इसके लिए आमलोगों को आपदा के खतरों से अवगत कराना जरूरी है। इसी उद्देश्य से विभिन्न आपदाओं में 'क्या करें, क्या न करें' की जानकारी एसएमएस के माध्यम से लाखों की संख्या में राज्य की जनता को दी जाती है।

प्राधिकरण में उपलब्ध विभिन्न मोबाइल नंबर जैसे जिला पदाधिकारी (38), एडीएम (38), बीडीओ (534), सीओ (534), साथ ही साथ प्रशिक्षित फोकल टीचर (1542), नाव एवं नाव मालिक (3820), पंचायत जनप्रतिनिधि (चयनित–207429, गैर चयनित–435699), जीविका दीदी– (148890), आशा कार्यकर्ता (77542), आंगनबाड़ी सेविका (45946) एवं प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित अभियंताओं एवं राजमिस्त्रियों समेत अन्य लगभग 36 लाख नंबर पर सामूहिक संदेश संप्रेषण (मैसेजिंग) नियमित रूप से किए जाते हैं। नवंबर, 2022 में कुल 1355875 मास मैसेजिंग किए गए, जिसमें जीविका दीदी, आशा, जिला परिषद्, सीओ, डीएम और आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मियों, प्रशिक्षित मुखिया, सरपंच एवं आईसीडीएस, जिला परिषद एवं विकास मित्र के लाभार्थी शामिल हैं।

## (J) व्यय विवरणी

**माह दिसंबर, 2022 में प्राधिकरण में हुए व्यय का विवरण :**

| क्रमांक | परियोजना का नाम/मद | राशि |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय व्यय | 5,04,224 |
| 2. | पुरस्कार/पारितोषिक | 1,15,000 |
| 3. | सड़क सुरक्षा जागरुकता | 37,400 |
| 4. | जीविका दीदी प्रशिक्षण | 1,13,177 |
| 5. | स्थापना दिवस | 10,75,872 |
| 6. | बीएसडीआरएन मोबाइल ऐप्प | 2,23,020 |
| 7. | प्रकाशन व मुद्रण | 361 |
| 8. | बिजली | 25,000 |
| 9. | सोनपुर मेला | 14,72,772 |
| 10. | भूकंप सुरक्षा | 7,500 |
| 11. | दिव्यांगजन प्रशिक्षण मॉडयूल | 2,160 |
| 12. | मेडिकल | 24,084 |
| 13. | टेलीफोन | 749 |
| 14. | प्रोफेशनल्स का पारिश्रमिक/मानदेय | 10,66,001 |
| 15. | सरकारी सेवक का वेतन | 19,60,093 |
| | **कुल योग** | **66,27,413** |

# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

## (आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)